जनपद बिजनौर

प्रेस नोट– थाना मण्डावर दिनॉक 29.12.2024

थाना मण्डावर पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 304/24 धारा 305ए/331(4) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त को चोरी किये गये सामान सहित किया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 29.11.2024 को वादी श्री गिरीशपाल पुत्र श्री जयपाल सिंह निवासी ग्राम काजीवाला थाना मण्डावर जनपद बिजनौर ने थाना मण्डावर पर तहरीर दी कि अज्ञात अभियुक्तों द्वारा वादी के भाई के घर से सोने चांदी के आभूषण, 01 वाई0फाई0 राउटर व एक कैमरा डी0वी0आर0 आदि चोरी कर लिये गये। तहरीर के आधार पर थाना मण्डावर पर मु0अ0सं0 304/24 धारा 305ए/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग में अभियुक्तगण 1.जितेन्द्र कुमार पुत्र व्रतपाल सिंह निवासी ग्राम रूस्तमपुर थाना शिवालाकलां जनपद बिजनौर 2.अनुज पुत्र अजयवीर सिंह निवासी ग्राम चमरव्वा थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा के नाम प्रकाश में आये।

कार्यवाही –

आज दिनांक 29.12.2024 को थाना मण्डावर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र व्रतपाल सिंह निवासी ग्राम रूस्तमपुर थाना शिवालाकलां जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से चोरी किये गये दो अंगूठी, दो जोडी पाजेब, दो जोडी बिछुवे एक पेन्डिल सफेद धातु व 500 रूपये नगदी बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। शेष अभियुक्त अनुज उपरोक्त की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

1.जितेन्द्र कुमार पुत्र व्रतपाल सिंह निवासी ग्राम रूस्तमपुर थाना शिवालाकलां जनपद बिजनौर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1–उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार थाना मण्डावर जनपद बिजनौर।
2–उ0नि0 लोकेश कुमार थाना मण्डावर जनपद बिजनौर।
3–हे0का0 607 कपिल तोमर थाना मण्डावर जनपद बिजनौर।
4–आरक्षी 1256 विपिन तोमर थाना मण्डावर जनपद बिजनौर।
5–आरक्षी 2103 शिवांक त्यागी थाना मण्डावर जनपद बिजनौर।